# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024







SUMEET

JEWELLERS

हम गढ़ते हैं विश्वास

RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON | SUNDAY OPEN

# लेबनान से इजरायल पर ड्रोन अटैक : आईडीएफ ने दो किए नष्ट, तीसरा गिरा नेतन्याहू के घर के पास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इजरायली सेना ने लेबनान की ओर से शनिवार को ड्रोन अटैक करने का दावा किया। आईडीएफ ने कहा कि तीन ड्रोन लेबनान से इजरायल की सीमा में घुसे। आईडीएफ ने दो ड्रोन को तो मार गिराया लेकिन एक ड्रोन किसी प्रकार बच गया और उसने सिसेरिया इलाके में हमला किया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, इस ड्रोन को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर को निशाना बनाना था लेकिन यह पड़ोसी की एक इमारत में गिरा। बताया जा रहा है कि हमले के वक्त नेतन्याहू और उनका परिवार घर पर नहीं था। हालांकि, इस हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ।

यह ड्रोन हमला ऐसे समय में हुआ जब कुछ दिन पहले हमास के प्रमुख नेता यह्या सिनवार मारा गया था। सिनवार को 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हुए हमास के हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। बुधवार को एक लंबी खोजबीन के बाद सिनवार को इजरायली सेना ने एक मुठभेड़ में मार गिराया।

- इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू व परिवार नहीं था घर पर, कोई जानमाल की हानि नहीं

### दागे गए थे 3 ड्रोन, दो गिराए, एक में विस्फोट

इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की है कि आज सुबह कैसरिया में प्रधानमंत्री के निजी आवास को निशाना बनाया गया। कार्यालय ने कहा कि हमले के समय प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी घर पर नहीं थे और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, लेबनान की ओर से कुल 3 ड्रोन दागे गए थे, जिनमें से 2 को मार गिराया गया था, लेकिन एक इमारत से जा टकराया।

### खामेनेई का बयान: 'रेजिस्टेंस' नहीं रुकेगा



सिनवार की मौत के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने शनिवार को कहा कि 'ऐक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस' इस घटना से कमजोर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमास का संघर्ष जारी रहेगा और यह संगठन जिंदा रहेगा। खामेनेई ने कहा कि सिनवार एक 'वीर मुजाहिद' थे और उनकी शहादत हम लोगों के संघर्ष के लिए प्रेरणा है।







**मणिपुर में फिर भड़की हिंसा**

## उग्रवादियों ने एक गांव में की फायरिंग, बम भी फेंके

एजेंसी ▶▶| इंफाल



*पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ : सीआरपीएफ और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों के बीच भारी गोलीबारी हुई। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर भेजा गया। हिंसा भड़कने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।*

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य में शनिवार ताजा हिंसा भड़क उठी। यहां पर उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले के एक गांव पर हमला कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करते हुए आतंकवादियों ने सुबह करीब पांच बजे बोरोबेकरा पुलिस थाने के आसपास के गांव को निशाना बनाकर गोलीबारी शुरू कर दी। उग्रवादियों ने बम भी फेंके। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बता दें कि हिंसा की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिनों पहले ही नई दिल्ली में मैतेई और कुकी समुदायों के विधायकों के बीच चल रहे संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए बातचीत हुई थी।

## कनाडा बॉर्डर पुलिस का अफसर संदीप सिद्धू भगोड़ा घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- भारत का सख्त एक्शन

भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर जारी कूटनीतिक विवाद में एक नया मोड़ आया है। भारत ने कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के एक अधिकारी संदीप सिंह सिद्धू का नाम आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में अपने भगोड़ों की सूची में जोड़ा है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने हाल ही में भारतीय डिप्लोमैट्स पर आरोप लगाया था कि वह कनाडा में सिख अलगाववादियों को निशाना बना रहे हैं। इन सिख अलगाववादियों के बारे में जानकारी भारत सरकार को दे रहे हैं।

*संदीप सिंह सिद्धू पर लगे गंभीर आरोप*

*रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीएसे के अधिकारी संदीप सिंह सिद्धू का नाम एक प्रतिबंधित संगठन अंतरराष्ट्रीय सिख युवा महासंघ से जुड़ा है। संदीप सिंह सिद्धू पर पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप है। बताया जा रहा है कि 2020 में बालविंदर सिंह संधू की हत्या में भी सिद्धू की भूमिका रही है। बालविंदर सिंह सिद्धू पंजाब में खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक माने जाते थे।*

## नई प्रौद्योगिकी का लाभ लेने की जरूरत: सिंह

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गंभीर सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को राजधानी में शीर्ष सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ लेने के लिए तर्कसंगत ढंग से सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल अपने को ढालने और नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आह्वान किया। वह 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के वर्ष-2022 बैच के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में तेजी से हो रही प्रौद्योगिकी प्रगति सबसे महत्वपूर्ण ताकत है। जो भविष्य के लिए तैयार सेना के विकास को गति प्रदान करती है। युद्ध की लगातार बदलती प्रकृति में साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं।

## ओडिशा : निजी अस्पताल पर अंग चोरी का आरोप

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के एक निजी अस्पताल में शारीरिक अंग चोरी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, कालाहांडी जिले में एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए 44 वर्षीय व्यक्ति बाबूला दिगल की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों को जब शव मिला तो उसके पेट पर सर्जरी के निशान थे। मृतक के बेटे ने अस्पताल में अंग चोरी का आरोप लगा दिया। उसके बाद पुलिस ने कब्र से शव निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024


# जेल में महिलाओं की करवा चौथ, ऐसी बैरक मिलेगी जहां से देख सकेंगी चांद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ करवा चौथ पर जेल में भी रहेगा चांद निकलने का इंतजार

खास खबर



रविवार को करवा चौथ है। महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। चांद को देख व्रत तोड़ती हैं। करवा चौथ पर आज सेंट्रल जेल में बंद महिला कैदी जेल से ही अपने पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इस बार 5 महिला कैदियों ने व्रत रखने की इच्छा जाहिर की है, जिनके के लिए जेल में पूजा की खास व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि 5 महिलाएं जेल में करवा चौथ का व्रत रखेंगी। चांद का दीदार कर सकें, ऐसी बैरक की व्यवस्था की गई है। सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य ने बताया कि करवा चौथ का व्रत रखने वाली सभी पांच महिला बंदियों की सूची तैयार की गई है। महिलाओं को व्रत से जुड़ी सभी जरूरी चीजें भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिलाओं को वीडियो कॉल के जरिए पति देखने जैसी सुविधा नहीं मिलेगी। सभी नियमों से महिलाओं को अवगत कराया गया है। पांच महिलाएं विवाह के बाद घर में करवा चौथ पर व्रत रखा करती थी। महिलाओं ने व्रत रखने की इच्छा जताई। श्री शांडिल्य ने बताया कि जेल नियमों के हिसाब से जो हो सकता है वे कर रहे हैं। पति के दीदार कराना तो संभव नहीं है।

▶▶ शेष पेज 2 पर

## पूजा करने मिलेगी छलनी और करवा

महिला कैदी जेल के भीतर अपने बैरक से ही चांद को देखेंगी। प्रशासन का कहना है कि बैरक से चांद दिखाई देता है। अपना व्रत तोड़ने के लिए महिलाओं को बैरक के पास चांद आने का इंतजार रहेगा। बैरक से ही पूजा करेंगी। महिलाओं को व्रत से संबंधित करवा, छलनी और पूजन की अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। पिछले साल

▶▶ शेष पेज 2 पर

## सजना के लिए सजने की रही होड़



**नई दिल्ली।** अखंड सौभाग्य का पर्व करवाचौथ रविवार को है। शनिवार की रात तक तैयारियां होती रहीं। करवा सजाने से लेकर खुद अपने सजना के लिए सजने संवरने की होड़ सी मची रही। मेहंदी से हथेलियां सजाने के लिए सुहागिनों की भीड़ लगी रही। व्रत के दिन बाजार जाने और भीड़-भाड़ से बचने के लिए सुहागिनों ने पूर्व संध्या पर ही मनपसंद कपड़ों के साथ श्रृंगार की चीजें खरीदीं।

## खबर संक्षेप

### विजया रहाटकर महिला आयोग की नई अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** केंद्र ने विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग की नौवीं अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई यह नियुक्ति तीन साल की अवधि या रहाटकर के 65 वर्ष के होने (दोनों में जो भी पहले हो) तक के लिए होगी।

### शबाना आजमी को उत्कृष्टता पुरस्कार



**मुंबई।** 'मामी मुंबई फिल्म महोत्सव-2024' की शुरुआत फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की स्क्रीनिंग से हुई। इसमें जानी-मानी अभिनेत्री शबाना आजमी को 'सिनेमा में उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

### केंद्रीय मंत्री का भाई ठगी के आरोप में गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई को गिरफ्तार कर लिया। गोपाल जोशी और विजयलक्ष्मी जोशी नामक महिला के खिलाफ बसवेश्वरनगर पुलिस ने बृहस्पतिवार रात मामला दर्ज किया था।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करने में जुटा चिकित्सा शिक्षा विभाग

# एनआरआई कोटे से एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले पहले दिन झांके तक नहीं, दो दिन बाद प्रवेश रद्द

*एनआरआई कोटे से करोड़ रुपए तक फीस देकर एमबीबीएस में एडमिशन लेने वाला एक भी छात्र शनिवार को स्क्रूटनी कमेटी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अप्रवासी भारतीय कोटा वालों के दस्तावेजों की जांच के लिए जीएमसी रायपुर और दुर्ग में स्क्रूटनी कमेटी बिठाई है। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में प्रवेश लेने वाले 45 छात्रों को अपने कागजों की जांच कराने दो दिन की मोहलत और है, नहीं तो उनका प्रवेश स्वमेव निरस्त माना जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पहले दिन रायपुर के जेएन मेडिकल कालेज में श्री बालाजी, रिम्स और रावतपुरा मेडिकल कालेज में प्रवेश लेने वाले 27 छात्रों के दस्तावेजों की जांच के लिए स्क्रूटनी कमेटी बैठी थी। दोपहर बारह बजे से बैठी टीम शाम चार बजे तक छात्रों अथवा उनके पालकों के आने का इंतजार करते रहे। इसी तरह अभिषेक मिश्रा स्मृति तथा श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के 18 छात्रों के फाइलों की जांच के लिए सीएमएसी दुर्ग में टीम बिठाई गई थी जो खाली बैठे रहे।

एनआरआई कोटे से प्रदेश कि इन पांच कालेजों में दूसरे राउंड में 45 छात्रों का एडमिशन हुआ है जिनके दस्तावेजों की जांच सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार किया जाना है। इन विद्यार्थियों को 20 और 21 अक्टूबर को उपस्थित होने का वक्त दिया है और ऐसा नहीं करने वालों का एडमिशन रद्द किए जाने का स्पष्ट आदेश है। सुप्रीम कोर्ट के 24 सितंबर को इस पंजाब हाईकोर्ट के फैसले को मान्य करते हुए निर्देश दिया था एनआरआई कोटे के वास्तविक हकदार वे विद्यार्थी है जिनके माता-पिता विदेश में रहते हैं। इनके अलावा अन्य रिश्तेदारों जैसे मामा, चाचा, ताऊ, फूफा के अप्रवासी होने का हवाला देकर एडमिशन लेना फर्जीवाड़ा है और इस पर रोक लगाने की आवश्यकता है।

### कोटा वालों के दस्तावेजों की जांच, जीएमसी रायपुर, दुर्ग में बैठ रही टीम





दूसरे राउंड में एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वाले 45 छात्र जांच के दायरे में

■ मेडिकल कालेजों में एडमिशन लेने वालों के दस्तावेजों की 19 से 21 अक्टूबर तक जांच

पहले राउंड में 48 एडमिशन



### सभी एडमिशन निरस्त होः डा. गुप्ता



इस मामले में कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 24 सितंबर को आदेश जारी किया था। प्रदेश में 27 सितंबर तक भर्ती प्रक्रिया चलती रही। राज्य सरकार ने आदेश के बाद एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वाले 45 बच्चों के दस्तावेज सत्यापन का निर्देश दिया है जो गलत है, सभी प्रवेश रद्द किए जाना चाहिए। नियम के अनुसार इस कोटे में एडमिशन के लिए अगर छात्र नहीं मिलते तो ओपन कोटे से स्थानीय विद्यार्थियों को उसमें प्रवेश देना चाहिए। डा. गुप्ता ने कहा कि महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा स्पष्ट राय के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी न किया जाना एक गंभीर मिलीभगत एवं भारी भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण है। एनआरआई कोटे में फर्जी प्रवेश भाजपा सरकार का संगठित घोटाला है यदि सरकार तत्काल रोक लगाते हुये न्यायालयों द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप नये नियमावली जारी करें और उसी के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया हो।

## अब संभावनाओं की तलाश

# हरियाणा में 14 मंत्री छत्तीसगढ़ में अब तक 13 ही बनाए गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद वहां पर मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। मुख्यमंत्री सहित 14 सदस्यों का मंत्रिमंडल बनाया गया है। इसके पहले भी हरियाणा में 14 सदस्यों का ही मंत्रिमंडल रहा है। लेकिन छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री सहित 11 सदस्यों का मंत्रिमंडल है। दो मंत्रियों की कुर्सी खाली है। अब तक छत्तीसगढ़ में 13 ही मंत्री बनाए जाते रहे हैं। हरियाणा और छत्तीसगढ़ में विधायकों की संख्या समान रूप से 90-90 है। लेकिन हरियाणा में 14 और छत्तीसगढ़ में 13 मंत्री बनाए जाते हैं। खबर है कि अब 14 मंत्री बनाए जाने की संभावना छत्तीसगढ़ में भी तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ जब नया राज्य बना था तो पहले मुख्यमंत्री अजीत

▶▶ शेष पेज 2 पर

### अलग-अलग व्यवस्था क्यों?

हरियाणा और छत्तीसगढ़ के संदर्भ में देखा जाए तो दोनों राज्यों में विधानसभा की 90-90 सीटें हैं। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। इस बार भी सरकार में 14 सदस्यों का मंत्रिमंडल बनाया गया है। पहले जब मनोहर लाल खट्टर की सरकार बनी थी तो उसकी सरकार में छह कैबिनेट मंत्री, तीन स्वतंत्र प्रभार और पांच राज्य मंत्री थे। इसके बाद दूसरी बार मनोहर लाल खट्टर के मंत्रिमंडल में दस कैबिनेट मंत्री और चार राज्य मंत्री थे। मनोहर लाल खट्टर के स्थान पर जब नायब सैनी मुख्यमंत्री बनाए गए तो उनकी कैबिनेट में सात कैबिनेट और सात राज्य मंत्री थे। अब एक बार फिर से नायब सैनी मुख्यमंत्री बने हैं तो उनके कैबिनेट में 12 कैबिनेट मंत्री और दो राज्य मंत्री है। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है तो डा. रमन सिंह के तीन बार मुख्यमंत्री रहते हुए उनके मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या 13 ही रही है।

### भूपेश सरकार में थे 12 मंत्री

2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बने। उनके मंत्रिमंडल में तो पांच साल तक 12 ही सदस्य रहे, एक मंत्री का पद खाली रखा गया। अब एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है तो विष्णुदेव साय सरकार में पहले 12 का मंत्रिमंडल बनाया गया और एक पद खाली रखा गया। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद उनका एक मंत्री पद खाली हुआ तो अब मंत्रियों के दो पद खाली बताए जाते हैं, जबकि हरियाणा के मंत्रिमंडल को देखा जाए तो यहां पर दो नहीं बल्कि तीन मंत्रियों के पद खाली हैं। सवाल यह उठता है कि जब दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकार है तो फिर दोनों राज्यों के लिए अलग-अलग व्यवस्था क्यों है। यहां पर भी जब 14 मंत्री बन सकते हैं तो क्यों कर एक विधायक को मंत्री पद से वंचित रखा जाता है।

## विधानसभा उपचुनाव

# भाजपा ने सुनील पर जताया भरोसा, दक्षिण से लड़ेंगे चुनाव

*केंद्रीय चुनाव समिति ने किया कई राज्यों के प्रत्याशियों का ऐलान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर दक्षिण विधानसभा से भाजपा ने पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने कई राज्यों के प्रत्याशियों का ऐलान किया है। इसमें मप्र सहित कई राज्यों के दो दर्जन प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। रायपुर दक्षिण से अभी कांग्रेस का प्रत्याशी तय नहीं हुआ है। श्री सोनी वैसे तो बृजमोहन अग्रवाल की पसंद माने जाते हैं। लेकिन खबर यह है कि संगठन के दिग्गज उनके नाम पर एकमत थे। रायपुर दक्षिण में 13 नवंबर को चुनाव होना है। इसके लिए सप्रदेश भाजपा संगठन ने चुनाव का ऐलान होने से पहले ही कोर ग्रुप की बैठक करके सात दावेदारों के नाम पर चर्चा करके दिल्ली पैनल बनाकर भेजा था। इसी के साथ सभी दावेदारों की पूरी कुंडली भी भेजी थी। शनिवार को केंद्रीय चुनाव समिति ने बैठक करने के बाद रात को 25 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। इसमें रायपुर दक्षिण से सुनील सोनी का नाम तय किया गया है। सुनील सोनी पूर्व विधायक बृजमोहन अग्रवाल की पसंद भी हैं। पार्टी ने श्री अग्रवाल से उनकी पसंद पूछी थी और अब उनकी पसंद के नाम को भी फाइनल किया गया है।

### इन राज्यों में नामों का ऐलान

इसी के साथ जिन राज्यों से प्रत्याशी बनाए गए हैं, उनमें मप्र, बिहार, कर्नाटक, दो-दो राजस्थान और बंगाल से छह-छह, असम और केरल तीन-तीन प्रत्याशियों के नाम हैं।


TRUE VALUE

MARUTI SUZUKI




अपनी कार बेचने/खरीदनें के लिए स्कैन करें

यहाँ ऐप डाउनलोड करें।

छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है

घर पर मूल्यांकन | कीमत निर्धारण के लिए AI आधारित इंजन | विस्तृत डिजिटल मूल्यांकन | सरल पेपरवर्क

376 चेक पॉइंट | 1 वर्ष तक की वारंटी और 3 मुफ्त सर्विस* | कार का जांचा-परखा इतिहास*

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। निःशुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।

TRUE VALUE CERTIFIED

RAIPUR: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332 | AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 7987196900 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042| DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100| JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009. SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 8120001958, 9111011381.

**भारत और कनाडा के रिश्ते सबसे खराब दौर में है। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की कनाडा में हत्या के बाद कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में भारत पर हत्या में हाथ के बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद से दोनों देशों के संबंध खराब होते गए हैं। पीएम ट्रूडो बार बार भारत पर आरोप मढ़ रहे हैं और कोई सबूत नहीं दे रहे हैं। कनाडा के इस रवैये को भारत ने गंभीरता से लिया है व कनाडा को दो टूक संदेश दिया है कि मनगढ़ंत आरोप लगाना बंद करे और भारत में वांछित आतंकियों के खिलाफ एक्शन ले। अनेक मौके पर भारत ने जता दिया है कि भारत में वांछित खलिस्तानी आतंकियों के प्रति कनाडा का ढुलमुल रवैया वैश्विक नियमों के अनुरूप नहीं है, लेकिन कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण ट्रूडो सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। सवाल यह भी है कि घरेलू राजनीति के चलते किसी दूसरे मुल्क पर आरोप नहीं लगाया जा सकता। भारत व कनाडा के बिगड़ते संबंध का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# भारत-कनाडा के बिगड़ते ताल्लुकात



कूटनीति
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है।**

कनाडा में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के विषय में एक तहकीकात संचालित की जा रही है। विगत वर्ष प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडा की पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया गया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है। इस गहन विवाद के कारण ही दोनों देशों के मध्य कूटनीतिक तनाव निरंतर चल रहा है।

## छह राजनयिक मुल्क से निष्कासित

उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा तथा अन्य राजनयिकों पर जून 2023 में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले से संबद्ध होने का संगीन इल्जाम आयाद किया है। भारत और कनाडा के मध्य कूटनीतिक ताल्लुक टूट जाने के कगार तक आ पहुंचे हैं। कनाडा की जस्टिन ट्रूडो हुकूमत ने कनाडा में तैनात भारत के छह राजनयिकों को अपने मुल्क से निष्कासित करने का निर्णय लिया। कनाडा से निष्कासित किए जाने वाले राजनयिकों में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा भी शामिल हैं। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के इल्ज़ाम को एकदम अस्वीकार करते हुए दावा पेश किया कि उसने खुद ही अपने राजनयिकों को भारत वापस बुला लिया है। इधर भारत सरकार ने भी सख्त जवाबी कार्यवाही करते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को भारत से निकाल दिए जाने का आदेश जारी कर दिया। भारत सरकार द्वारा निष्कासित किए गए राजनयिकों में कनाडा के कार्यकारी उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर भी शामिल हैं। स्मरण कीजिए सन् 1980 का दशक जबकि सन 1982 में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार ने दो पुलिस अधिकारियों का पंजाब में कत्ल कर दिया था। कत्ल अंजाम देने के बाद में वह फरार होकर कनाडा पहुंच गया था। उस वक्त कनाडा के प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो थे और भारत में इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं।

इंदिरा गांधी ने पियरे ट्रूडो से गुजारिश की थी कि कनाडा सरकार द्वारा तलविंदर परमार को गिरफ्तार करके भारत को सौंप दिया जाए। दुर्भाग्य से इंदिरा गांधी की गुजारिश को कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने ठुकरा दिया था।



सन् 1985 में एयर इंडिया के विमान कनिष्क ने मांट्रियल से मुंबई के लिए उड़ान भरी और कनिष्क विमान आयरलैंड के समुद्र तट पर बम विस्फोट से विध्वंस हो गया था। इस बम विस्फोट विध्वंस में विमान के 329 यात्री हलाक कर दिए गए। इन विमान यात्रियों में अधिकतर यात्री कनाडा के नागरिक थे। कनिष्क विमान के विध्वंस की तहकीकात के दौरान प्रमुख साजिश कर्ता के रूप में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार का नाम सबसे पहले सामने आया था। तलविंदर परमार बाद में कनाडा से फ़रार होकर जर्मनी भाग गया। सन 1983 में जर्मन पुलिस ने उसको गिरफ्तार किया। जर्मनी से भारत उसका प्रत्यर्पण संभव नहीं हो सका और जर्मनी ने तलविंदर परमार को कनाडा को सौंप दिया। कनाडा से फ़रार होकर तलविंदर सिंह आखिरकार पाकिस्तान पहुंच गया।

## कनाडा में आठ लाख सिख नागरिक

26 जनवरी 1982 को खालिस्तान सरगना सुरजन सिंह गिल ने तथाकथित खालिस्तान हुकूमत का एक दफ्तर भी कनाडा में खोला था। दुर्भाग्य से कनाडा सरकार ने तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत को प्रतिबंधित नहीं किया। इस तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत ने पासपोर्ट जारी किए और अपनी करंसी भी जारी की। हालांकि कनाडा में बसने वाले भारतीय मूल के तकरीबन तीस लाख नागरिकों में लगभग आठ लाख सिख नागरिक हैं। इन आठ लाख सिखों का तथाकथित खालिस्तान हुकूमत को कदाचित समर्थन नहीं हासिल हुआ। खालिस्तान सरगनाओं द्वारा बब्बर खालसा और वर्ल्ड सिख ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना कनाडा में ही अंजाम दी गई थी। दुर्भाग्य से जो ऐतिहासिक गलतियां कनाडा की लिबरल पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने अंजाम दी थी, वैसी ही गंभीर गलतियां आज उनके साहबजादे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी बाकायदा दोहरा रहे हैं।

## सिख यूथ फेडरेशन का समर्थन

इन सभी तथ्यों से एकदम स्पष्ट हो जाता है कि खालिस्तान समर्थक सरगनाओं को शरण देने का कुकृत्य वस्तुतः कनाडा सरकार सन 1980 के दशक से ही अंजाम देती रही है। सन् 1990 में कनाडा की लिबरल पार्टी को कनाडा की सिख यूथ फेडरेशन द्वारा प्रबल समर्थन प्रदान किया गया। सन् 2006 में लिबरल पार्टी को पराजित करके कंजर्वेटिव पार्टी के स्टीफन हार्पर प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री काल के दौरान कनाडा और भारत के बिगड़ गए संबंधों में स्टीफन हार्पर के शुरुआती कार्यकाल में गुणात्मक सुधार आया। सन् 2007 में खालिस्तानी आतंकवादी सरगना तलविंदर परमार के समर्थकों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में खालिस्तानी आतंकवादी तलविंदर परमार को एक हीरो के तौर पर पेश किया गया था। दुर्भाग्य से खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी रैली में कंजर्वेटिव पार्टी और लिबरल पार्टी के लीडर विद्यमान रहे। इसी प्रस्थान बिंदु से भारत और कनाडा के कूटनीतिक संबंधों में फिर से तल्खी आनी शुरू हो गई। सन् 2015 में जस्टिन ट्रूडो प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए और उन्होंने अपनी कैबिनेट में चार सिख मंत्रियों को भी शामिल किया क्योंकि उनकी लिबरल पार्टी कनाडा के सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन और सहायता से ही सत्तासीन हुई थी। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हरजीत सिंह सज्जन को कनाडा का रक्षा मंत्री बनाया। हरजीत सिंह सज्जन वस्तुतः खालिस्तान का सशक्त समर्थक रहा है। इसीलिए पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरजीत सिंह सज्जन से मिलने से इनकार कर दिया था, जबकि वह पंजाब के सरकारी दौरे पर भारत आया था। जी-20 शिखर सम्मेलन में सन 2018 में जस्टिन ट्रूडो हिंदुस्तान के दौरे पर आए थे और स्टेट मिनिस्टर गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया था।

## खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का उल्लेख

सन् 2018 में कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में पहली बार खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का बाकायदा उल्लेख किया गया। इस रिपोर्ट के पेश किए जाने के बाद खालिस्तान समर्थकों ने जस्टिन ट्रूडो की पार्टी के लीडरों को यह धमकी दी कि उनको सिखों की किसी भी रैली और सभा में शिरकत नहीं करने दी जाएगी। अगले वर्ष से राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में खालिस्तानी आतंकवाद का कोई भी उल्लेख नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1979 में दुर्दान्त खालिस्तान सरगना जरनैल सिंह भिंडरावाले की कयादत में पंजाब में पृथकतावादी बगावत का आगाज हुआ था। आखिरकार वर्ष 1993 तक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पंजाब में खालिस्तानी बगावत का संपूर्ण खात्मा कर दिया गया था। किंतु कुछ खालिस्तानी सरगनाओं ने भारत से फरार होकर पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में बकायदा शरण ले ली। कनाडा की सिख आबादी में यकीनन खालिस्तानी बग़ावत के समर्थक राजनीतिक लीडर भी विद्यमान रहे हैं। पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी सरगनाओं की निरंतर कोशिश रही है कि पंजाब में फिर से आतंकवाद को पुनर्जन्म दिया जाए और फिर उसका नृशंस विस्तार किया जाए। उल्लेखनीय है कि पंजाब में सन् 1979 से प्रारंभ हुए खालिस्तानी आतंकवाद के दौर में सन् 1993 तक तकरीबन 14 वर्षों के दौरान पचास हजार से ज्यादा लोग हलाक़ कर दिए गए थे। आज के दौर में खालिस्तानी सरगना कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड और पाकिस्तान में सक्रिय होकर नृशंस ऐतिहासिक दौर को फिर से दोहराने की तैयारी में जुट हुए हैं। वैश्विक आतंकवाद को समाप्त करने की दुहाई देने वाले अमेरिका, इंग्लैंड और कनाडा खुले आम खालिस्तानी आतंकवादियों को प्रश्रय प्रदान कर रहे हैं और प्रोत्साहन दे रहे हैं। भारत द्वारा एक सूची कनाडा की हुकूमत के समक्ष पेश की गई है, जिसके तहत भारत में मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकवादियों के नाम हैं, जिनको कनाडा में शरण दी गई है। कनाडा सरकार ने इन आतंकवादी सरगनाओं के विरुद्ध कोई कार्यवाही अंजाम नहीं दी है।

## राजनीतिक तुष्टिकरण में जुटी ट्रूडो सरकार

कनाडा में दरअसल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर माह में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। राजनीतिक तुष्टिकरण के मामले में लिबरल और कंजरवेटिव पार्टी के लीडर ही जिम्मेदार रहे हैं। गौरतलब है कि जस्टिन ट्रूडो जब वर्ष 2015 में पहली बार कनाडा के पीएम बने तो उन्होंने मज़ाकिया लहज़े में ये कहा था कि भारत की मोदी सरकार से ज़्यादा उनकी कैबिनेट में सिख मंत्री हैं। उस समय ट्रूडो ने कैबिनेट में चार सिखों को शामिल किया था। ये कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ था। फ़िलहाल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संसद में दिए एक बयान के बाद भारत के साथ कनाडा के रिश्ते गंभीर संकट में पहुंचते दिख रहे हैं। कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में खालिस्तान की वजह से संबंधों में उतार-चढ़ाव पहले भी आते रहे हैं, लेकिन इससे पहले कभी ये इतना आगे नहीं बढ़े थे कि संसद में तनाव का ज़िक्र हो। भारत सरकार लंबे समय से कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों पर कार्रवाई करने के लिए कहती रही है। हालांकि, जब-जब कनाडा के सिखों के बीच ट्रूडो की लोकप्रियता की बात होती है, तो सवाल खालिस्तान समर्थकों पर उनके नरम रुख़ को लेकर भी किए जाते हैं। भारत का मानना है कि ट्रूडो सरकार अपने वोट बैंक की राजनीति को ध्यान में रखते हुए खालिस्तान पर नरम है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी ये दावा कर चुके हैं।

# एससीओ मंच से भी आतंक पर कड़ा संदेश



दो टूक
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

इजरायल-लेबनान और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संपन्न संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया है। सम्मेलन में शामिल भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान और उसके आका चीन को आड़े हाथों लेते हुए दो टूक कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खतरे तीन बड़ी चुनौतियां हैं जिसके कारण व्यापार और कनेक्टविटी में समस्या उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने एक ईमानदार बातचीत की पहल की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अगर दोस्ती कमतर पड़ रही है और एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो ऐसे में खुद के भीतर झांकने की जरूरत है। हर किसी की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। गौर करें तो विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने एससीओ के मंच से इशारे-इशारे में ही पाकिस्तान और चीन दोनों को चेता दिया कि वे पड़ोसी होने का धर्म नहीं निभा रहे हैं और इस क्षेत्र में तनाव के लिए मुख्य रूप से वे जिम्मेदार भी हैं।

## चीन की पहल को समर्थन नहीं

विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इनकार कर दिया। जानना आवश्यक है कि इस परियोजना में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा शामिल है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से से होकर गुजरता है जिसे लेकर भारत की गहरी आपत्ति है। अब भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देश भी चीन के इस प्रोजेक्ट की जमकर आलोचना कर रहे हैं। इसलिए कि इसमें शामिल अधिकांश देश चीनी कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। भारत के इस विरोध से चीन की खीझ बढ़ गई है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने चीन की मंशा पर पानी फेरकर उसे घुटनों पर ला दिया है। पाकिस्तान की भी कोशिश थी कि एससीओ के जरिए माहौल को अनुकूल बना भारत से वार्ता के जरिए नजदीकियां बढ़ाई जाए। लेकिन विदेशमंत्री ने पाकिस्तान जाने से पहले ही भारत के पुराने रुख कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं चल सकते पर अडिग रहने का फैसला कर लिया था। पाकिस्तान एससीओ की मेजबानी करके बहुत उत्साहित है और अब उसकी कोशिश विश्व बिरादरी में अपनी छवि सुधारने की होगी। लेकिन उसे समझना होगा कि जब तक वह आतंकवाद को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा उसकी छवि सुधरने वाली नहीं है। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस बात पर निर्भर रहेगा कि भारत को लेकर पाकिस्तान और चीन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी एससीओ शिखर सम्मेलन से उम्मीद किया जाना चाहिए कि इस सम्मेलन से क्षेत्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के अलावा आर्थिक विकास को गति देने, व्यापार, निवेश, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सुविधाओं, कृषि, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विस्तार को नया आयाम मिलेगा। जाहिर है कि यह क्षेत्र एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है



जिसमें भारत की भूमिका का लगातार विस्तार हो रहा है। एससीओ में भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतरराष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा। एससीओ में भारत की सहभागिता पर नजर दौड़ाएं तो 2018 में चीन के तटीय शहर किंगदाओ में संपन्न एससीओ के शिखर सम्मेलन में पहली बार शिरकत करने का मौका मिला। इससे पहले बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका में ही था। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में संपन्न सम्मेलन में भारत की स्थायी सदस्यता पर मुहर लगी और महज पांच वर्षों में भारत ने अपनी धारदार भूमिका से एससीओ के चरित्र को बदल दिया।

## आधी आबादी का प्रतिनिधित्व

आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपिय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं, इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी हैं। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों की भारत से अति निकटता है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

## मिल सकती है स्थायी सदस्यता

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रूस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो अप्रैल, 1996 में शंघाई में हुई एक बैठक में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान आपस में एकदूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों से निपटने के लिए सहयोग करने को राजी हुए। तब इस संगठन को शंघाई फाइव कहा गया। शंघाई फाइव के साथ उज्बेकिस्तान के आने के बाद इस समूह को शंघाई सहयोग संगठन कहा गया। यह संगठन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसका कार्यालय बीजिंग में है और क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना ताशकंद में है।

## भारत की भूमिका की सराहना

राज्य प्रमुखों की परिषद इस संगठन का सर्वोच्च निकाय है जिसकी प्रतिवर्ष बैठक होती है। इसके अलावा शासन प्रमुखों की परिषद (एचजीसी) की वार्षिक बैठक होती है। 2005 में कजाकिस्तान के आस्ताना में भारत के प्रतिनिधियों ने पहली बार शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लिया और सितंबर 2014 में एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। जिस तरह भारतीय विदेशमंत्री ने इस्लामाबाद सम्मेलन के जरिए अपनी बात को दमखम से रखा और आपसी सहयोग बढ़ाने का मंत्र दिया, उससे दुनिया भर में भारत की भूमिका की सराहना हो रही है।

# अब विश्व में भारत 'सॉफ्ट स्टेट' नहीं



विदेश नीति
शंभू भद्रा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर कहा जाय कि भारत और कनाडा के आपसी संबंध अब तक सबसे खराब दौर में हैं तो, गलत नहीं होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राजनीति दोनों देशों के परस्पर संबंध पर हावी हो रही है। यह पहली बार नहीं जब रिश्ते तल्ख हुए हैं। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में भी मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो जब कनाडा के पीएम थे, तब भी संबंध खराब हुए थे। भारत के मुताबिक, जस्टिन ट्रूडो अपनी सिख वोट बैंक राजनीति के लिए कनाडा में भारत विरोधी तत्वों, भारत के वांछित अपराधियों और खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर आंख मूंदे हुए हैं। इतना ही नहीं, एक आतंकवादी निज्जर की हत्या में भारत के हाथ के आरोप ट्रूडो सरकार लगा रही है, जबकि कोई सबूत कनाडा सरकार के पास नहीं है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य में एक गुरुद्वारे के पार्किंग एरिया में कुछ नकाबपोश बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। भारत के 26 वांछितों की सूची कनाडा को दी गई, लेकिन ट्रूडो सरकार ने उस दिशा में कोई काम नहीं किया।

## आतंकवाद वैश्विक खतरा

पचास के दशक के बाद से भारत व कनाडा के मधुर संबंध बने हैं। ऐसे में 21वीं सदी में जहां विश्व के सामने आतंकवाद थ्रेट है, उसमें अगर कनाडा पिक एंड चूज की नीति के तहत भारत विरोधी आतंकी तत्वों के प्रति नागरिकता व मानवाधिकार के बहाने बचना चाहेगा तो इससे ट्रूडो सरकार आतंकवाद को बढ़ावा देते ही दिखेगी। अच्छा और बुरा आतंकवाद की नीति के चलते ही पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ा। आज विश्व में पाक की पहचान आतंकवाद को पनाह वाले मुल्क की है। कनाडा भी कुछ उसी राह पर जाता दिख रहा है। हाल के दशक में वैश्विक स्तर पर हुई आतंकी घटनाओं से यूरोप, अमेरिका बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, एशिया सबसे अधिक प्रभावित है। भारत पिछले चार दशक से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। किसी भी देश में आतंकवाद व अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले लोगों व गुटों को अगर दूसरे देश पनाह देते हैं, तो यह वैश्विक अपराध ही है। संयुक्त राष्ट्र भी मानता है कि आज आतंकवाद वैश्विक संकट है, इससे सभी मुल्क मिलकर ही लड़ सकते हैं। कनाडा किसी भी रूप में भारत विरोधी आतंकी व अलगाववादी अभियानों को शह दे, यह भारत को बर्दाश्त नहीं है। इस मुद्दे पर भारत कनाडा से आर-पार की कूटनीतिक लड़ाई भी लड़ सकता है। अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं है, दुश्मनों के खिलाफ एक्शन लेने वाला मुल्क है और अपनी एकता व अखंडता की रक्षा करने में सक्षम है।

## कनाडा की कारस्तानी

खालिस्तान प्रेम में न सिर्फ कनाडा ने भारतीयों की जान ली है, बल्कि दुनिया के कई नागरिकों की भी जान ली है। 23 जून 1985 को कनिष्क विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों को निशाना बनाया गया। आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों पर लगे और इसे ऑपरेशन ब्लू स्टार का जवाब



माना गया, मगर मानव अधिकारों का ढिंढोरा पीटने वाला कनाडा अब तक इस घटना में न तो किसी आरोपी को सजा दिलवा सका और न ही इसकी जांच पूरी कर सका। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस तरह के आतंकवादी खतरे की चेतावनी कनाडा के तत्कालीन पीएम और जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो को खुद भी दी थी। मगर उन्होंने इस मामले को अनदेखा किया और इसका नतीजा पूरी दुनिया ने देखा।

पंजाब में खालिस्तान को लेकर बढ़ती आतंकवादी घटनाओं का दौर था। कनाडा इसे बढ़ावा दे रहा था। पाकिस्तान इसके पीछे था। भारत कनाडा को इस मामले से दूर रहने और उसकी अखंडता का सम्मान करने को कह रहा था, मगर कनाडा अपने ही अहंकार में मस्त था। धीरे-धीरे भारत में खालिस्तान की मांग दम तोड़ती गई। तब कनाडा और पाकिस्तान भगोड़ों और अपराधियों की शरणस्थली बन गए। वर्ष 2023 के मार्च में, कनाडा में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तान-समर्थकों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते भारत ने कनाडाई उच्चायुक्त को तलब किया था। उसी वक्त पंजाब में भी खालिस्तान-समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही थी।

## मोदी व ट्रूडो वार्ता

नई दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी भारत ने साफ़ संकेत दिए थे कि कनाडा की धरती पर खालिस्तान-समर्थकों की गतिविधियों के ख़िलाफ़ कनाडा की प्रतिक्रिया से भारत असंतुष्ट है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कनाडा में चरमपंथियों की भारत-विरोधी गतिविधियां जारी रहने' को लेकर भारत की चिंताओं के बारे में जस्टिन ट्रूडो को जानकारी दी थी। उधर, जस्टिन ट्रूडो ने कहा था, 'उन्होंने खालिस्तान चरमपंथ और 'विदेशी हस्तक्षेप' को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई बार चर्चा की है। कनाडा हिंसा को रोकने के साथ-साथ नफरत को दूर भी करेगा।'

## जब ट्रूडो ने लगाए आरोप

सितंबर 2023 में कनाडा ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया और जवाबी कार्रवाई में नई दिल्ली के इंटेलिजेंस चीफ को निष्कासित कर दिया। कनाडा के इस कूटनीतिक कदम से ओटावा और दिल्ली के बीच संबंधों में पहले से भी ज्यादा खटास आ गई। जनवरी 2024 में एक बार फिर कनाडा ने भारत को एक 'विदेशी खतरा' बताया और कहा कि वह संभावित रूप से उनके चुनावों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत ने कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप को खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि कनाडा ही हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। अप्रैल 2024 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तानी समर्थक नारेबाजी का भारत ने कड़ा विरोध जताया। साथ ही कनाडा के राजदूत को तलब किया। **कनाडा को नुकसान** : भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते छात्रों के आव्रजन, व्यापार संबंधों और कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति पर प्रभाव जरूर पड़ेगा। कनाडा में भारतीय छात्र कम जाएंगे या नहीं जाएंगे। इससे कनाडाई यूनिवर्सिटी को आर्थिक नुकसान होगा। ट्रेड भी प्रभावित होगा। दाल का आयात भारत ने बंद कर दिया है। भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत भी रोक दी गई है। अमेरिका ने भारत को इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में और इजरायल व यूएई के साथ गठित आई2यू2 ब्लॉक के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल किया। कनाडा को क्वाड, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क और आई2यू2 ब्लॉक में शामिल नहीं किया गया।

रायपुर
रविवार, 20 अक्टूबर 2024
कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 95
पृष्ठ : 12+12 = 24 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 33.5
न्यून. 25.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## एक ही दिन में 30 से अधिक उड़ानों में बम होने की मिली धमकी



# एक हफ्ते में 70 विमानों को उड़ाने की धमकी 'हवा-हवाई', फिर भी अलर्ट

*विमान कंपनियों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को 30 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकी मिली। इसके बाद एविएशन सेक्टर में हड़कंप मच गया। इस हफ्ते अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की कम से कम 70 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। ये सभी धमकियां बाद में अफवाह निकलीं। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां हाईअलर्ट पर हैं।*

- झूठी धमकियों को रोकने 'नो-फ्लाई' सूची की तैयारी
- कई विमानों की कराई गई आपात लैंडिंग
- यात्रियों की अटकी रहीं सांसें, जांच पूरी होने के बाद मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 30 से अधिक घरेलू और विदेशी उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। उन्होंने बताया कि एक उड़ान के शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी हुई थी। इस हफ्ते अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की कम से कम 70 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। हालांकि, ये सभी धमकियां बाद में अफवाह निकलीं। विस्तारा ने शनिवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर संचालित उसकी पांच उड़ानों में ▶▶|शेष पेज 2 पर

## एयर इंडिया, इंडिगो समेत कई कंपनियों की उड़ानें प्रभावित

### एक दिन पहले भी मिली थी धमकी

शुक्रवार को विस्तारा की तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की धमकी मिली थी, जो बाद में अफवाह निकली। इनमें से एक उड़ान को एहतियातन फ्रैंकफर्ट की तरफ मोड़ा गया था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी दिए जाने की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें ऐसा करने वालों को हवाई सफर से प्रतिबंधित करना शामिल है।



**इन उड़ानों को धमकी**

विस्तारा की यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके027 (मुंबई से फ्रैंकफर्ट), यूके107 (मुंबई से सिंगापुर), यूके121 (दिल्ली से बैंकॉक) और यूके131 (मुंबई से कोलंबो) इंडिगो ने बताया कि उसकी कम से कम चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्राप्त हुए, जिनमें 6ई17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई184 (जोधपुर से दिल्ली) और 6ई108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) शामिल हैं।

### इंडिगो ने कहा- सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

इंडिगो ने कहा, हम दिल्ली से इस्तांबुल के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट 6ई 11 से जुड़ी स्थिति से वाकिफ हैं। हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम सभी आवश्यक सावधानी बरत रहे हैं। हैदराबाद-चंडीगढ़ उड़ान के बारे में इंडिगो ने कहा कि विमान के उतरने के बाद सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया और विमान को 'आइसोलेशन बे' में ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे के अधिकारी 'आइसोलेशन बे' में विमान की गहन जांच कर रहे हैं।

# अबूझमाड़ में आईईडी ब्लास्ट गश्त के दौरान दो जवान शहीद





अमर पंवार



के. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

कोडलियर के समीप जंगल में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान शहीद हो गए हैं। वहीं, नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हो गए, जिनकी हालत सामान्य हैं।

- कोडलियर के समीप जंगल में नक्सली वारदात

घटना की पुष्टि नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने की है।

जिला नारायणपुर के ओरछा एवं कोहकामेटा थाना क्षेत्र के सरहदी जंगली इलाके में माओवादियों की उपस्थिति की मुखबिर से सूचना मिलने पर मोहंदी एवं ईरकभट्टी से आईटीबीपी, बीएसएफ एवं डीआरजी की ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 2 करोड़ 62 लाख के इनामी थे 38 नक्सली

इसी महीने की शुरुआत में अबूझमाड़ में फोर्स को बड़ी सफलता मिली थी। जिसमें 2 करोड़ 62 लाख के इनामी 38 नक्सलियों को मार गिराया गया था। पुलिस के लिए बड़ी सफलता इसलिए भी है, क्योंकि इस हमले में फोर्स को किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। इसमें 25 लाख की इनामी नीति भी मारी गई, जिस पर 60 से अधिक वारदातें, जिसमें आमजन और जवानों की हत्या का मामला विभिन्न थानों में दर्ज है।

### पीएम बाद शव गृह जिले भेजे जाएंगे

आईटीबीपी के दो जवान शहीद हुए हैं। उनके शव का पोस्टमार्टम के बाद उनके गृह जिले के लिए रवाना किया जाएगा। दो घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है।

- पी. सुंदरराज, आईजी बस्तर

# सरगुजा जुड़ेगा हवाई सेवा से, पीएम आज एयरपोर्ट का करेंगे लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा हवाई सेवा से जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर का वर्चुअल रुप से लोकार्पण कर सरगुजावासियों ▶▶|शेष पेज 2 पर

- आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की मांग पूरी

### हवाई नक्शे में मां महामाया एयरपोर्ट

मां महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर में लगभग 80 करोड़ की लागत से कार्य किए गए हैं। दरिमा हवाई पट्टी का निर्माण वर्ष 1950 में हुआ था। इसे प्रारंभिक दौर में डब्ल्यूबीएम सतह से निर्मित किया गया था, जिसकी लंबाई 1200 मीटर थी। यह हवाई पट्टी अंबिकापुर शहर से 13 किमी की दूरी पर दरिमा ग्राम में निर्मित है। इसका संपूर्ण क्षेत्रफल 365 एकड़ है। यह हवाई पटटी समुद्र तल से 1924 फीट ऊंचाई में स्थित है।

**उसूर में टेकमेटला मार्ग पर वारदात**

# नक्सलियों ने दिनदहाड़े की कांग्रेस नेता की हत्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सलियों ने उसूर में एक कांग्रेस नेता और सोसायटी संचालक की दिन दहाड़े कुल्हाड़ी व चाकू से वार कर हत्या कर दी है। हालांकि हत्या का कारण मालूम नहीं पड़ा है, लेकिन कुछ समय पहले नक्सलियों द्वारा मृतक कांग्रेस नेता को धमकी दिए जाने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक मारुड़बाका निवासी पूर्व सरपंच, उसूर ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री व ▶▶|शेष पेज 2 पर

### विवेचना में जुटी पुलिस

नक्सलियों ने तिरुपति की हत्या क्यों की? इसका कारण अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि नक्सलियों द्वारा उसे पहले धमकी दिए जाने की बात सामने आई है। इधर, पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर घटना के संबंध में आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

**जीएसटी दर पर फैसला**

# पानी बोतल, साइकिल नोटबुक के घटेंगे दाम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी दर युक्तिकरण पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने शनिवार को 20 लीटर की पानी की बोतल, साइकिल और अभ्यास नोटबुक पर कर की दर घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया। इसके अलावा जीओएम ने महंगी कलाई घड़ियों और जूतों पर कर बढ़ाने का सुझाव दिया। अधिकारी ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाली ▶▶|शेष पेज 2 पर




### जूते और घड़ियों पर बढ़ेगा जीएसटी

जीओएम ने 15,000 रुपए से अधिक कीमत वाले जूतों और 25,000 रुपए से अधिक कीमत वाली कलाई घड़ियों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का भी सुझाव दिया। छह सदस्यीय जीओएम में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य सेवा मंत्री गजेंद्र सिंह, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायर गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल भी शामिल हैं।




#Cashback Offer available on all Honda two-wheeler models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards and IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of Rs. 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Cashback offer valid until 30th November 2024. #The scheme is available in select outlets only. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment. *Source: Cumulative Sales figure of Brand Activa from June 2001 to June 2024 as per HMSI internal data. CBR [Click, Book, Relax] facility available at selected dealerships only.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 8305759763; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9806869214; **DURG:** Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda- 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto -7389320271; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457, 7587341845; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; **NAGRI:** Nahta Honda- 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932, 9406453860, **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**


Symbol of Trust
Since 1957
गुडलक फिल्म्स एंटरटेनमेंट कि प्रस्तुति
सनी सिन्हा कृत
दस्तावेज
छत्तीसगढ़ी फिल्म
एक पन्ने की कहानी
निर्माता - सौरभ बरड़िया, लेखक निर्देशक - सनी सिन्हा प्रमोटर - मंगल मूर्ति , वितरक - लाभांश तिवारी श्याम टॉकीज
डिओपी- सुक्खी, गीत- मीर अली मीर, देवेश तिवारी, चंद्रप्रकाश भारद्वाज, संगीत- सुनील सोनी, एसोसिएट डॉयरेक्टर- सुमीत बसईवाला, क्रियेटिव डॉयरेक्टर- सांवरे अम्बुज, आर्ट डॉयरेक्टर- बेनेडिक्ट फ्रांसिस
संपादन- आर्दश सनोडिया, सहायक निर्देशक- राहूल चंद्रवशी, खेमराज देवांगन, मोनिका निषाद राज, प्रोडक्शन मेनेजर- धनराज साहू, ऑडियोग्राफी- प्रबोद रंजन साहू, कॉस्ट्यूम डिजाईनर- करुणा देवांगन, ड्रेस- रज्जू, मेकअप- कामता नायक, लाईन प्रोड्यूसर- मनीराम सिन्हा, रिकॉर्डिस्ट- नुतन सिन्हा
ATUL
अब आपके नजदीकी सिनेमा घरो में
1. श्याम टॉकिज - रायपुर 2. आईनॉक्स 36- रायपुर 3. आईनॉक्स अंबुजा - रायपुर 4. पी वी आर सिटी सेंटर - रायपुर
5. मिराज सिनेमा - नया रायपुर 6. चंद्रा टॉकीज - भिलाई 7. पी वी आर - भिलाई 8. सिटी 36 - बिलासपुर
9.पी वी आर-बिलासपुर 10. शिवा टॉकिज - बिलासपुर 11. श्री कृष्णा - राजनांदगांव 12. सिने वर्ल्ड - कांकेर
13. देवश्री टॉकिज - धमतरी 14. गोपी टॉकीज - रायगढ़ 15. निहारिका - कोरबा 16. चित्रा- कोरबा
17. बसंत मल्टीप्लेक्स - अंबिकापुर 18. जे सी एम - अंबिकापुर 19. मुकुन्द मल्टीप्लेक्स- चांपा
20. पद्मिनी सिनेप्लेक्स- चांपा 21. मेट्रो सिनेमा - जांजगीर 22. तक्ष मल्टीप्लेक्स- शिवरीनारायण 23. श्री महल - भटगांव
24. श्री सिनेमा - पाटन 25. बालाजी मल्टीप्लेक्स - कसडोल 26. मां भुवनेश्वरी - कवर्धा 27. सिटीप्लेक्स - भाटापारा
28. सिटी सिनेमा- सारंगढ़ 29. विवान डिजिटल सिनेमा - पत्थलगांव 30. के सेरा सेरा- दुर्ग
31. A A B सिनेमा - बिर्रा 32. कटघोरा - मुरली मेट्रो

wallfort
Building Homes

TODAY FOR TOMORROW

Launching

WALLFORT
OMEGA

PREMIUM HIGH-STREET RETAIL SHOPS,
SHOWROOMS | OFFICE SPACES

MEMBER CREDAI CHHATTISGARH



20+ YEARS OF LEGACY | 34 PROJECTS | 10,000+ FAMILY'S TRUST

New Rajendra Nagar,
Ring Road No.1, Raipur

PCGRERAO31121001298 rera.cgstate.gov.in
8234-900-900

## बिजनेस साइट

# अविनाश ग्रुप का 'अपना घर' प्रॉपर्टी एक्सपो शुरू




**रायपुर।** रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप ने त्योहारों के अवसर पर 'अविनाश अपना घर' प्रॉपर्टी एक्सपो का आयोजन किया है। यह तीन दिवसीय एक्सपो जीई रोड, मैग्नेटो मॉल में शनिवार से शुरू हुआ है, जहां 6771 से अधिक प्रॉपर्टी के विकल्प उपलब्ध हैं। एक्सपो में स्पॉट बुकिंग पर आकर्षक ऑफर और लकी ड्रॉ में मारुति स्विफ्ट कार जीतने का मौका भी दिया जा रहा है। अविनाश ग्रुप का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य त्योहारों के दौरान लोगों को सुविधाजनक तरीके से प्रॉपर्टी खरीदने का मौका प्रदान करना है। एक्सपो में सभी प्रकार की प्रॉपर्टी शामिल हैं, जिनमें 3000 से अधिक प्लॉट्स, 1200 से अधिक अपार्टमेंट, 600 से अधिक कमर्शियल स्पेस और 90 से अधिक विला शामिल हैं। पहले दिन ही प्रॉपर्टी बायर्स का अच्छा रिस्पांस मिला। प्रॉपर्टी एक्सपो के शुभारंभ पर अविनाश ग्रुप के चेयरमैन अरुण सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया और डायरेक्टर प्रियंक सिंघानिया सहित अन्य टीम सदस्य भी मौजूद रहे।

# ब्लेस्ड होम में किचनवेयर और डेकोरेशन की विस्तृत रेंज



**रायपुर।** दिवाली का उल्लास अब हर घर में सुनाई देने लगा है। घर की सफाई और सजावट के लिए लोग बाजारों में आकर्षक सामान खरीदने में जुट गए हैं। इस खास मौके पर रायपुर में स्थित ब्लेस्ड होम एक बेहतरीन शोरूम है, जहां घर की सजावट के लिए सभी आवश्यक सामान एक ही छत के नीचे मिल जाते हैं। ब्लेस्ड होम में उपलब्ध डेकोरेटिव आइटम्स में भगवान की मूर्तियां, फव्वारे, आर्टिफिशियल फूल, मेटल आर्ट और विभिन्न प्रकार के प्लांटर्स शामिल हैं। इसके अलावा, यहां पर ब्रास मेटल के प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध हैं, जो घर की सजावट में चार चांद लगाते हैं। किचनवेयर की विशाल रेंज में विनोद इंटेलीजेंट कुकवेयर, बोरोसिल अप्लायंसेस और डिनर सेट जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स शामिल हैं। ग्राहक यहां बोनचाइना डिनर सेट, कटलरी सेट, ओपेलवेयर डिनर सेट और इम्पोर्टेड क्रिस्टल क्राकरी का आनंद ले सकते हैं।

# मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प

# एक साल में 56% तक रिटर्न

शेयर बाजार में उथल पुथल के बावजूद मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहे हैं और निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। मल्टीकैप फंडों ने एक साल में 56% तक का रिटर्न दिया है। इससे एसआईपी के जरिये निवेश करने वालों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इन फंडों में निवेश के लिए जरूरी है थोड़ा सा संयम के साथ निवेश किया जाए और अपने वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे एसआईपी के जरिये पैसे लगाएं। इससे आसानी निवेश को बढ़ा पाएंगे। मल्टीकैप फंड बिकवाली के दौर में ग्रोथ पर रहे हैं। पिछले छह कारोबारी दिनों में निवेशकों के करीब 20 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। ऐसे में रिटेल इनवेस्टर्स परेशान हैं। हां, जिन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश किया और संतुलित निवेश करने वाले फंड में पैसे लगाए हैं, वे बेफिक्र हैं। चूंकि कहा भी गया है कि लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता और आसानी से निवेश के लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसलिए बाजार के जानकार सुझाव देते हैं कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं।



## मल्टी कैप फंड क्या हैं

मल्टी-कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में निवेश करती है। मल्टी-कैप फंड में, कुल एसेट का न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट में इन्वेस्ट करना आवश्यक है। इसके अलावा, ये फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में कम से कम 25% इन्वेस्ट करने की उम्मीद है।

## मल्टी कैप फंड कैसे काम करते हैं

मल्टी-कैप फंड में मार्केट कैपिटलाइजेशन में कंपनियों के स्टॉक में इन्वेस्ट करने की सुविधा होती है, जब तक वे ऊपर उल्लिखित 25% शर्तों को बनाए रखते हैं। हालांकि, प्रत्येक पूंजीकरण में निवे श का वितरण फंड मैनेजर की रणनीति पर निर्भर करता है। इक्विटी जोखिम भरा होता है, लेकिन उनके भीतर, जोखिम की मात्रा अलग-अलग होती है। व्यापक स्टॉक मार्केट के आधार पर, फंड मैनेजर रिटर्न को अधिकतम करने के लिए होल्डिंग को एडजस्ट कर सकता है।

## संतुलित निवेश कहां

पर्सनल फाइनेंस के जानकारों का कहना है कि संतुलित निवेश के लिए मल्टीकैप फंड एक बेहतर साधन हो सकता है। यह एक ऐसी स्कीम है जो सभी मार्केट कैप मतलब कि लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप में निवेश करती है। बाजार की गिरावट में जहां लार्ज कैप शेयर सुरक्षा प्रदान करते हैं वहीं मिड और स्मॉल कैप शेयर फायदा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोई भी एक मार्केट कैप लगातार बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। इसलिए निवेशकों को एसेट अलोकेशन के तहत सभी मार्केट कैप में निवेश करना चाहिए।

## डायवर्सिफिकेशन का फायदा

निवेश गुरुओं का कहना है कि आपके गुलदस्ते में हर तरह के फूल होने चाहिए। बस, इसी सिद्धांत पर मल्टीकैप फंड चलता है। उनका जोखिम और रिटर्न एक बाजार पर केंद्रित होने के बजाय पूरे बाजारा पूंजीकरण पर केंद्रित होता है। आप भी देखिए कि हर बाजार का रिटर्न अलग रहा है। सालाना आधार पर साल 2023 में निफ्टी 100 टीआरआई का रिटर्न 21 फीसदी रहा है जबकि निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई का रिटर्न 45 फीसदी रहा है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरअी का भी रिटर्न 49 पर्सेंट रहा है।

## किस फंड हाउस का कितना रिटर्न

हम यहां मल्टीकैप के वैसे फंडों का जिक्र कर रहे हैं, जिन्होंने बीते एक साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें एक्सिस के मल्टीकैप ने सर्वाधिक 56.02 फीसदी का रिटर्न दिया है। कोटक मल्टीकैप की स्कीम ने 52.83 फीसदी, एचएसबीसी की स्कीम ने 51.90 फीसदी और एलआईसी मल्टीकैप की स्कीम ने 51.37 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने इन फंडों में एक साल पहले एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो एक ही साल में वह रकम अब 1.56 लाख रुपये हो गई होती।

## कहां होता है निवेश

मल्टीकैप फंड लार्जकैप, मिडकैप,स्मॉलकैप और डायनॉमिक में 25-25 फीसदी का निवेश करता है। आपको पता ही होगा कि लार्जकैप फंड बड़ी कंपनियों में निवेश करता है। मिडकैप फंड मिडकैप कंपनियों के अवसरों को पकड़ता है, जबकि स्मॉलकैप उभरते हुए अवसरों में निवेश करता है। अगर एक्सिस म्यूचुअल फंड के मल्टीकैप की बात करें तो इसने सर्वाधिक निवेश वित्तीय सेवाओं, ऑटोमोबाइल और उसके कलपुर्जे, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल में किया है। यह सभी ऐसे सेक्टर हैं जो बाजार के हर माहौल में निवेशकों को सुरक्षा देने के साथ साथ उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देते हैं।

# सिंघानिया ड्रीम होम एक्सपो : दिवाली बोनांजा ऑफर 27 अक्टूबर तक



**रायपुर।** रियल एस्टेट में अग्रणी नाम सिंघानिया बिल्डकॉन ने दिवाली के मौके पर खास ऑफर पेश किया है। इस बार हर्षित लैंडमार्क और हर्षित अर्बन सिटी में प्रॉपर्टी बुक करने पर खरीददारों को लकी ड्रॉ में जीतने का मौका मिलेगा। एक फ्लैट बुक करने पर खरीददार को फ्री आईफोन 16 और एक प्लॉट भी मिलेगा। यह ड्रीम होम एक्सपो केवल रियल एस्टेट की बात नहीं करता, बल्कि शहरी जीवन के उत्सव का प्रतीक है।

**हर्षित अर्बन सिटी** : हर्षित अर्बन सिटी में प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स उपलब्ध हैं, जो बेहतरीन कनेक्टिविटी और सुविधाएं प्रदान करते हैं। यहां विभिन्न प्लॉट साइज़ हैं, जो परिवारों के लिए आदर्श विकल्प है।

**हर्षित लैंडमार्क** : हर्षित लैंडमार्क प्रीमियम 3 और 4 बीएचके यूनिट्स का ऑफर देता है, जिनका आकार 1000 से 3000 वर्ग फुट है। यह प्रोजेक्ट व्यक्तिगत और व्यावसायिक निवेशकों के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

**लकी ड्रॉ और अन्य फायदे** : एक्सपो में भाग लेने वाले सभी विजेताओं को इनाम मिलेंगे, जिसमें आईफोन 16 और अन्य विशेष दिवाली उपहार शामिल हैं। इसके अलावा, फ्री रजिस्ट्रेशन, कम ब्याज दर और फ्री प्रोसेसिंग फीस जैसी वित्तीय सुविधाएं भी हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

(1) सूचना सं. : eT-WAT-SOUTH-33-2024 दिनांक: 03.10.2024

**कार्य का नाम :** मण्डल अभियन्ता/साउथ/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन (CS+CMSC)-102 सेट (13 सेट 12 में 1 एवं 89 सेट 8 1/2 में 1) थ्रू टर्नआउट नवीकरण। TTR (CMSC) - 4 सेट 12 में 1 एवं 5 सेट 8 1/2 में 1.

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 2,26,57,775.68, EMD : ₹ 2,63,300/-

(2) सूचना सं. : eT-WAT-SOUTH-34-2024 दिनांक: 03.10.2024

**कार्य का नाम :** समलकोट जं.-गोपालपट्टनम बीएच (DN)-TSR (P)-5.990 TKM एवं विजयनगरम जं.-विशाखापट्टनम-TSR (P)-3.186 TKM-सेक्शन के बीच 9.176 TKM लम्बाई के लिए डीप स्क्रीनिंग एवं बैलास्ट कुशन को स्टैन्डर्ड तक उपर उठाने के साथ साथ नए PSC 60 KG स्लीपर द्वारा 60 KG 90 UTS रेल के नीचे बिछे मौजूदा PSC 60 KG स्लीपर का थ्रू स्लीपर नवीकरण (प्राथमिक)।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 1,93,43,165.24, EMD : ₹ 2,46,700/-

(3) सूचना सं. : eT-WAT-SOUTH-35-2024 दिनांक: 03.10.2024

**कार्य का नाम :** (1) वाल्टियर मण्डल में सहायक मण्डल अभियन्ता/ट्रैक के अधीन ''सिंहाचलम नॉर्थ-रूट सं. 6 एवं 8, विशाखापट्टनम-रूट नं. 10, कोत्तवलसा-रूट नं. 4 एवं 10, अलमंडा-रूट सं. 5 यार्ड में'' 4.954 TKM लम्बाई के लिए PSC-14 स्लीपर पर नई 60 KG 90 UTS रेल द्वारा मौजूदा 60 KG PSC-12 स्लीपर पर 60 KG 90 UTS रेल का कंप्लीट ट्रैक नवीकरण (द्वितीयक)। (2) वाल्टियर मण्डल में सहायक मण्डल अभियन्ता/ट्रैक के अधीन ''कंटकापाली यार्ड-रूट सं. 4 एवं अलमंडा यार्ड-रूट सं. 5 यार्ड में'' 1.745 TKM लम्बाई के लिए PSC-14 स्लीपर पर नई 60 KG 90 UTS रेल द्वारा मौजूदा 60 KG PSC-12 स्लीपर पर 60 KG 90 UTS रेल का थ्रू रेल नवीकरण (द्वितीयक)।

**कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 1,65,03,105.62, EMD : ₹ 2,32,500/-

(4) सूचना सं. : eT-WAT-SOUTH-36-2024 दिनांक: 08.10.2024

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के पलासा-विशाखापट्टनम मेन लाइन एवं वाल्टियर MYD लाइन पर मण्डल अभियन्ता (साउथ)/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 65 संख्यक मोड़ों (Curves) में ट्रैक बेस्ड (Track Based) रेल लूब्रिकेटर (हाइड्रोलिक टाइप) की आपूर्ति, संस्थापन, शुरुआत एवं रख-रखाव।

**कार्य का अनुमानित लागत** ₹ 5,46,92,274/-, EMD : ₹ 4,23,500/-, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹ 2,360/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 के लिए) एवं 60 (साठ) महीने (क्रम सं. 4 के लिए)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 29.10.2024 को 1500 बजे (निविदा सं. 1, 2 एवं 3 के लिए) एवं दिनांक 30.10.2024 को 1500 बजे (निविदा सं. 4 के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेवसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-634/P/24-25

## एक साल में 65% से ज्यादा मुनाफा देने वाली म्यूचुअल फंड की स्कीम

- लॉन्ग टर्म एसआईपी रिटर्न में भी रही चैंपियन
- म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की तरह दे रही रिटर्न
- इन स्कीमों में निवेशकों ने कमाया बढ़िया मुनाफा
- छोटे से अमाउंट से भी बना दिया करोड़ों का फंड
- लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत

एक साल के लिए आप कहीं पैसा लगाएं और आपको 65 से 85 फीसदी रिटर्न मिल जाए। आप सोच रहे होंगे कि ऐसा तो स्टॉक मार्केट में ही पॉसिबल है, लेकिन अब म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की ही तरह रिटर्न देने लगी हैं। बाजार में ऐसे कई इक्विटी म्यूचुअल फंड हैं, जिनमें सिर्फ 1 साल में 65 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिल गया है। वहीं, इसका लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है। तभी तो इन स्कीम ने 5 साल की एसआईपी का रिटर्न चेक करें तो ये चैंपियन साबित होती हैं। ऐसे फंडों में पैसा लगाने से निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिल सकता है और वे अपने छोटे से अमाउंट को को बढ़िया फंड में तबदील कर सकते हैं। हालांकि कहा भी गया है कि शेयर बाजार का रिटर्न रिस्क के अधीन होता है, लेकिन कुछ म्युचअल फंडों ने बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को रिझाया है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ फंड जो 1 साल का रिटर्न 65 फीसदी या इससे ज्यादा दे रहे हैं।

नागर विमानन मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते



विश्वस्तरीय विमानन अवसंरचना सहित संपर्कता में सुगमता

₹ 6,100 करोड़ से अधिक लागत से पाँच राज्यों में सात हवाई अड्डा परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन

वाराणसी, आगरा, दरभंगा और बागडोगरा हवाई अड्डों में
नए टर्मिनल भवन और संबद्ध कार्यों का शिलान्यास

सरसावा, रीवा एवं अम्बिकापुर में
नए हवाई अड्डों का उद्घाटन

मुख्य विशेषताएं एवं लाभ


- 242 लाख से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान करने वाले की संयुक्त वार्षिक क्षमता वाले तीन नए हवाई अड्डे और चार भावी नए टर्मिनल भवन
- वर्तमान टर्मिनलों के कुल क्षेत्रफल में छह गुना वृद्धि के साथ आधुनिक और नए भव्य टर्मिनल भवनों के निर्माण की योजना
- 'उड़ान' योजना के अंतर्गत नए हवाई अड्डों से क्षेत्रीय संपर्कता में सुधार और क्षेत्र के आर्थिक विकास में तेज़ी
- शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा, व्यापार और वाणिज्य की संभावनाओं में वृद्धि से स्थानीय निवासियों के लिए आजीविका का सृजन
- क्षेत्र की जीवंत संस्कृति और विरासत से प्रेरित टर्मिनल भवनों और आंतरिक भागों का डिज़ाइन


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
द्वारा


गरिमामयी उपस्थिति


आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
किंजरापु राममोहन नायडू, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री
केशव प्रसाद मौर्य, उप-मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
ब्रजेश पाठक, उप-मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

रविवार, 20 अक्टूबर, 2024 | 1615 बजे | डॉ. सम्पूर्णानन्द खेल स्टेडियम, सिगरा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश


वाराणसी


आगरा


दरभंगा


बागडोगरा


सरसावा


रीवा


अम्बिकापुर

CBC 03111/15/0002/2425

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें

### क्रिकेट : भारतीय टीम की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी

# भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 107 रन का लक्ष्य, सरफराज का पहला टेस्ट शतक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सरफराज खान (150) और ऋषभ पंत (99) ने चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की। इससे भारत ने न्यूजीलैंड को 107 रनों का टारगेट दिया। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमट गई। 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद आने पर भारतीय टीम ने 54 रन के अंदर अंतिम सात विकेट गंवा दिए। टीम इंडिया की पहली पारी के 46 रन के जवाब में कीवी टीम ने 402 रन बनाए थे। सरफराज ने अपने चौथे टेस्ट में कॅरियर का पहला शतक जड़कर रिकॉर्ड बना दिया। सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। क्रीज पर उसके दोनों सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम और डेवोन कोन्वे मौजूद हैं।



### पहली पारी में शून्य दूसरी में जड़ा शतक

भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने शनिवार को अपने टेस्ट कॅरियर का पहला शतक जड़ा। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में अपनी शानदार फॉर्म को दूसरी पारी में बरकरार रखा। पहली पारी में सरफराज तीन गेंद खेलकर खाता खोले बिना आउट हुए थे। ऐसा 22वीं बार हुआ है जब कोई भारतीय बल्लेबाज किसी टेस्ट की पहली पारी में खाता खोले बिना आउट होने के बाद दूसरी पारी में शतक लगाने में सफल रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में गिल ने भी ऐसा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में शून्य और शतक लगाने वाले सरफराज दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2014 में शिखर धवन ऐसा कर चुके हैं।

### 7वें शतक से चूके पंत



ऋषभ पंत और सरफराज खान के बीच चौथे विकेट के लिए 177 रनों की पार्टनरशिप हुई। पंत अपने टेस्ट करियर का 7वां शतक लगाने के बेहद करीब थे, तभी विलियम ओ'रूर्के की गेंद ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शानदार फॉर्म में चल रहे ऋषभ पंत ने 94.29 की स्ट्राइक रेट से 105 गेंदों पर 99 रन बनाए।

#### 99 पर आउट विकेटकीपर

| खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|
| ब्रेंडन मैकुलम | श्रीलंका | 2005 |
| एमएस धोनी | इंग्लैंड | 2012 |
| जॉनी बेयरस्टो | द.अफ्रीका | 2017 |
| ऋषभ पंत | न्यूजीलैंड | 2024 |

#### पंत 7वीं बार नर्वस नाइंटीज

| रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|
| 99 | न्यूजीलैंड | 2024 |
| 93 | बांग्लादेश | 2022 |
| 96 | श्रीलंका | 2022 |
| 91 | इंग्लैंड | 2021 |
| 97 | ऑस्ट्रेलिया | 2021 |
| 92 | वेस्टइंडीज | 2018 |
| 92 | वेस्टइंडीज | 2018 |

#### भारत के लिए सेंचुरी

| सेंचुरी | खिलाड़ी | वर्ष |
|---|---|---|
| पहली | लाला अमरनाथ | 1933 |
| 50वीं | पोली उमरीगर | 1961 |
| 100वीं | सुनील गावस्कर | 1977 |
| 150वीं | सुनील गावस्कर | 1983 |
| 200वीं | अजहरुद्दीन | 1990 |
| 250वीं | सचिन तेंदुलकर | 1998 |
| 300वीं | सचिन तेंदुलकर | 2002 |
| 350वीं | वीवीएस लक्ष्मण | 2007 |
| 400वीं | राहुल द्रविड़ | 2010 |
| 450वीं | अजिंक्य रहाणे | 2015 |
| 500वीं | विराट कोहली | 2018 |
| 550वीं | सरफराज खान | 2024* |

#### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8 | 1 |
| कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8 | 1 |
| सरफराज का पटेल बो साउथी | 150 | 195 | 18 | 3 |
| ऋषभ पंत बो ओ'राउरकी | 99 | 105 | 9 | 5 |
| राहुल का ब्लंडेल बो ओ'राउरकी | 12 | 16 | 2 | 0 |
| जडेजा का यंग बो ओ'राउरकी | 05 | 15 | 1 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा हेनरी | 15 | 24 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 06 | 20 | 0 | 0 |
| बुमराह का ब्लंडेल बो हेनरी | 00 | 04 | 0 | 0 |
| सिराज का साउथी बो हेनरी | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 99.3 ओवर में 462/10
गेंदबाजी : साउथी 15-2-53-1 , हेनरी 24.3-3-102-3 , ओ'राउरकी 21-4-92-3 , पटेल 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रविंद्र 6-0-30-0.

## सीएम से ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शनिवार शाम को उनके निवास में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने मनु भाकर का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए कहा कि आपकी उपलब्धि से पूरा देश गौरवान्वित हुआ है। भाकर राजधानी रायपुर में आयोजित 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ आई हैं। उल्लेखनीय है कि भाकर ने पेरिस ओलंपिक की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा और 10 मीटर मिक्सड डबल्स में कांस्य पदक जीता है। भाकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज हैं। राजधानी रायपुर में उक्त प्रतियोगिता में 29 राज्य, 08 केंद्र शासित प्रदेश, 06 वानिकी संस्थानों एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के लगभग 3000 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। समापन समारोह में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन तथा खेल के प्रति जागरूकता लाने के लिए ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, निशानेबाज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

## भारत की जूनियर पुरुष टीम ने जापान को 4-2 से हराया



एजेंसी ▶▶| जोहोर

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए।

## महिला विश्व कप में आज मिलेगा नया चैंपियन

**दुबई।** सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया



हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला।

## चाहर के पांच विकेट से हिमाचल 98 रन पर ढेर

**धर्मशाला।** तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश के पांच विकेट झटके जिससे मेजबान टीम पहली पारी में टीम 98 रन पर सिमट गई और राजस्थान ने उसे फॉलो ऑन दिया। भारत के 32 साल के चाहर ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे हिमाचल प्रदेश की टीम राजस्थान के पहली पारी में 334 रन के जवाब में 100 रन के अंदर सिमट गई। स्टंप तक हिमाचल प्रदेश ने दो विकेट गंवाकर 147 रन बना लिए और वह अब भी 89 रन से पीछे चल रहा है।

## एशियाई हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखस्तान के अल्माटी में होना था लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, 'भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैम्पियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है।'



# मंगल ग्रह पर इंसानी आकृति देखकर वैज्ञानिक हैरान

**वॉशिंगटन**। सौरमंडल में पृथ्वी का सबसे करीबी पड़ोसी मंगल लंबे समय से जीवन की संभावना के बारे में इंसान की कल्पना को जगाता रहा है। नासा के भेजे गए पर्सिवरेंस रोवर ने हाल ही में एक ऐसी तस्वीर भेजी जिसने वैज्ञानिकों की हैरान करके रख दिया। इस तस्वीर में इंसानी चेहरे जैसी आकृति दिखाई दे रही है। मंगल ग्रह वैज्ञानिकों और



खगोलविदों के लिए लंबे समय से आकर्षित करता रहा है। इसकी वजह भी है। यह धरती के सबसे नजदीकी ग्रहों में है, जहां पर वैज्ञानिकों को जीवन की उम्मीद है। नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों ने इस लाल ग्रह के अध्ययन के लिए कई मिशन भेजे हैं। नासा के ऐसे ही मिशन के तहत भेजा गया पर्सिवरेंस रोवर 2021 से मंगल की सतह का दौरा कर रहा है। हाल ही में इस रोवर ने लाल ग्रह की एक तस्वीर भेजी है, जिसने वैज्ञानिकों के बीच भ्रम पैदा कर दिया है।


















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com